ernments of Jammu and Kashmir Himachal Pradesh, Tamil Nadu and West Bengal are still awaited.

छत्तीस गढ़ जिले (मध्य प्रदेश) के पिछड़े क्षेत्र में औद्योगिक एस्टेट

1741. **श्री श्रीकृष्ण अग्रवाल :** क्या औद्योगिक विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या देश के पिछड़े क्षेत्रों में विशेषतया मध्य प्रदेश के छत्तीस गढ़ जिले में लघु उद्योगों की एक औद्योगिक एस्टेट बनाने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; और

(ख) यदि हां तो उसकी रूपरेखा क्या है ?

औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जियाउर रहमान अन्सारी) : (क) और (ख) :—देश मे औद्योगिक उर्जा स्थापित करने के लिए पाचवीं पंचवर्षीय योजना मे 241.97 करोड़ रुपये परिव्यय की व्यवस्था की गई है जिसमे चुने हुए अर्ध-शहरी ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रो के विकास केन्द्रों में स्थापित किए जाने वाले कारखानो के भवनों सहित पूर्ण औद्योगिक बस्तियो के निर्माण की व्यवस्था भी सम्मिलित है।

मध्य प्रदेश के छत्तीसगढ़ क्षेत्र मे स्थापित और निर्माणाधीन औद्योगिक बस्तियों/क्षेत्रों का विवरण निम्न प्रकार है :—

छत्तीसगढ़ क्षेत्र/जिला 30—9—1973 की स्थिति पूर्ण औद्योगिक बस्ती/क्षेत्र	निर्माणाधीन औद्योगिक बस्ती/क्षेत्र
रायपुर जिला	
1. रायपुर	—
2. औद्योगिक क्षेत्र रायपुर	—
3. अभनपुर	—
दुर्ग जिला	
1. भिलाई	1. भिलाई हैवी इण्डस्ट्रियल क्षेत्र
2. औद्योगिक क्षेत्र भिलाई	2. बलोद
3. दुर्ग	3. डोंगर गढ़
राजनन्द गांव जिला	
1. राजनन्दगाव	—
बिलासपुर जिला	
1. बिलासपुर जिला	1. गोरला
बस्तर जिला	
1. जगदलपुर	—
2. नरायनपुर	—
रायगढ़ जिला	
1. रायगढ़	1. पुतोर
सरगुजा जिला	
1. बैकुण्ठपुर	—